an>

Title: Issue regarding farakka Barage.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार में प्रत्येक वर्ष बाढ़ की विभीषिका से अरबों रूपयों की हानि होती है और जान-माल का नुकसान होता है। गंगा की सफाई का अभियान अधर में लटका हुआ है। निर्मल भारत और नमामी गंगा की हम बात करते हैं, लेकिन गंगा गाद से भर चुकी है। बिहार के पटना से भागलपुर तक का इलाका इससे प्रभावित है। फरक्का में बांध बनने से वहां पर धारा रूक गई है, जिसके कारण भारी परेशानी हो रही है। बिहार के मुख्य मंत्री माननीय नीतीश कुमार जी और राज्य सरकार ने भी चिंता जाहिर की है। इस कारण से महत्वपूर्ण जीव डॉल्फिन की मृत्यु हो रही है। वहां से सांसद माननीय बुलो मंडल जी हैं और बगल के क्षेत्र से हम हैं, दोनों का क्षेत्र इससे प्रभावित होता है। हमारी मांग है कि फरक्का बैराज, जिससे पश्चिम बंगाल को भी लाभ नहीं है, इस पर तकनीकी दृष्टि से विचार-विमर्श किया जाए एवं जनहित में गंगा पर बने फरक्का बैराज (बांध) को हटाया जाए।